हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 अगस्त 2025

11 नालों की सफाई का लिया जायजा


12 मोबाइल की बजाय किताबों से दोस्ती करें विद्यार्थी


**खबर संक्षेप**

### आईटीआई में 30 तक होंगे दाखिले

**बहादुरगढ़।** कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिला लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त तक बढ़ा दी है। प्रधानाचार्य गीता आर सिंह ने बताया कि किसी कारणवश अभी तक दाखिला प्रक्रिया में भाग नहीं ले पाए आवेदक अपना दाखिला फार्म ऑनलाइन विभाग की वेबसाइट पर भर सकते हैं। फॉर्म भरने की सुविधा संस्थान में भी निशुल्क उपलब्ध है। संस्थान में डीएसटी के अंतर्गत 18 यूनिट में छात्रों को इंडस्ट्री व संस्थान में दोहरा प्रशिक्षण दिया जाता है। नोडल वर्ग अनुदेशक देवेंद्र नरवाल ने बताया कि विभिन्न ट्रेड्स में कुछ रिक्त सीटें बची हैं। छात्र इन रिक्त सीटों पर 30 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

### ब्रह्माकुमारियों का रक्तदान शिविर 25 को

**बहादुरगढ़।** विश्व बंधुत्व दिवस पर रक्तदान का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारीज द्वारा पूर्व प्रशासनिक प्रमुख राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के 18 स्मृति दिवस पर भारत और नेपाल में विशाल रक्तदान अभियान चलाया जाएगा। बहादुरगढ़ संस्था प्रभारी बीके अंजलि दीदी ने बताया कि रविवार 24 अगस्त को अग्रसेन धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 22 से 25 अगस्त 1500 से अधिक सेवा केंद्रों पर रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। अभियान में एक लाख यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### गौधड़ी ने महिला ने फंदा लगाया

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव गौधड़ी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान करीब पचास वर्षीया कविता देवी के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि महिला पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थी। चिकित्सकीय बोर्ड से उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतका के पति जगबीर के बयानों के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### इलाके में हुई 9.4 एमएम बरसात

**बहादुरगढ़।** इलाके में बरसात का दौर जारी है। शुक्रवार की दोपहर को इलाके में बरसात हुई। कुल 9.4 एमएम बरसात हुई। दरअसल, बीते चंद दिनों से फिर से तापमान बढ़ रहा था। शुक्रवार की सुबह भी इलाके में तेज धूप खिली रही लेकिन दोपहर एक बजे के बाद फिर से आसमान में बादल छाए और बरसात शुरू हो गई। कुछ देर तक झमाझम बारिश हुई। इसके बाद देर शाम तक आसमान में बादल छाए रहे।

## दनकौर में हुए दंगल में सोनू अखाड़े के पांच पहलवानों ने जीते मेडल

## पहलवान साहिल दलाल ने यूपी में जीता द्रोण केसरी का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

उत्तर प्रदेश के दनकौर में हुए दंगल में मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवान छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए अखाड़े के पांच पहलवानों ने पदक व खिताब जीते। विजेताओं का अखाड़े में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

अखाड़े के पहलवान साहिल दलाल ने 96 केजी वर्ग में जबरदस्त प्रदर्शन किया। लगातार पांच कुश्तियां जीकर साहिल ने दंगल में द्रोण केसरी का खिताब अपने नाम किया। आयोजकों की ओर से साहिल को 51 हजार रुपये की ईनामी राशि और गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। खेल प्रेमियों ने पहलवानों को जमकर सराहा।



बहादुरगढ़। अपने कोचों के साथ मेडल विजेता पहलवान।

### रोहित, विकास, योगेश व नितेश ने भी जीते मेडल

अन्य भारवर्गों में भी पहलवानों ने मेडल जीते। पहलवान रोहित ने 57 केजी वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। इसी तरह विकास ने 64 केजी में सिलवर मेडल, योगेश ने 57 केजी में सिलवर और नितेश ने ब्रांज मेडल जीते। इनकी जीत पर हिंद केसरी सोनू पहलवान, कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन धर्मेंद्र दलाल, अर्जुन अवॉर्डी कोच ओमबीर सिंह सहित तमाम कोचों और साथी पहलवानों ने खुशी जताई। कोच धर्मेंद्र दलाल ने कहा कि ये सभी पहलवान बेहद होनहार हैं। लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सीताराम गेट में दूषित पानी की सप्लाई, बीमार होने का खतरा

■ लोग बोले- पिछले दो माह से हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पेयजल सप्लाई के दौरान नलों में आ रहे दूषित पानी के कारण सीताराम गेट के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कालोनीवासी कमला देवी, बिमला, सचिन सैनी, बाला देवी, अंगूरी, चंद्रो देवी, शीला, प्रमिला, हेमंत, प्रमोद, प्रकाश, काले, मुकेश सोलंकी आदि ने बताया कि पिछले करीब दो माह से यह समस्या बनी है। नलों में सप्लाई होने वाले इस दूषित पानी से पहले के दिनों में अधिक बदबू आती थी लेकिन अब धीरे-धीरे यह कम हो गई है। घरों में सप्लाई होने वाला यह पानी पीने योग्य नहीं है। पशु भी इस पानी से मुंह फेर लेते हैं। ऐसे में महिलाओं को सांपला रोड में स्थित हैंडपंप से भरकर लाना पड़ रहा है। कुछ ऐसे भी जो पानी खरीदने को मजबूर हैं।



झज्जर। सप्लाई में आए दूषित पानी से भरी बाल्टी।

### बार-बार शिकायत करने पर भी नहीं हो रही सुनवाई

नलों में पेयजल सप्लाई आने के समय उन्हें करीब आधे घंटे तक नल को खाली चलाना पड़ता है जिसके बाद वह पानी नहाने व कपड़े धोने के काम में लाने के काबिल होता है। कालोनीवासियों का कहना है कि वे इस संबंध में संबंधित विभाग के कर्मचारियों को भी मौखिक रूप से अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है लीकेज पाइप लाइन का पता लगाकर स्वच्छ पेयजल की सप्लाई दुरुस्त की जाए।

## छोटूराम नगर में 10 जगह मिला अवैध प्लास्टिक कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के लाइनपार क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित प्लास्टिक व औद्योगिक कचरा फेंकने और निस्तारण स्थलों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। यह कार्रवाई हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर परिषद, बीडीपीओ कार्यालय, डीटीपी कार्यालय तथा पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा की गई।

बता दें कि शहर के छोटूराम नगर इलाके में कई जगह लंबे समय से अवैध रूप से प्लास्टिक व अन्य औद्योगिक कचरे का निस्तारण किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायतों और बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए संयुक्त टीम ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान कचरे के बड़े ढेर, प्रदूषित पानी और प्लास्टिक वेस्ट को खुले में प्रोसेस करने के मामले सामने आए। टीम के निरीक्षण के दौरान हड़कंप मचा रहा।

- संयुक्त टीम ने बहादुरगढ़ में अवैध प्लास्टिक व औद्योगिक कचरा निस्तारण स्थलों का किया निरीक्षण
- लोगों की शिकायतों और बढ़ते प्रदूषण को विभाग और नगर परिषद की सख्ती



### लीगल एक्शन लिया जाएगा : एचएसपीसीबी

एचएसपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा के अनुसार निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि कोई भी ईकाई नियमों का पालन नहीं कर रही। अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आगे की कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और जो भी इकाइयां नियमों का उल्लंघन करती पाई जाएंगी, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासियों ने संयुक्त टीम की कार्रवाई का स्वागत किया और कहा कि अवैध तरीके से हो रहा प्लास्टिक वेस्ट का निस्तारण न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा था, बल्कि आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रहा था।

## सड़क पर दौड़ लगा रहे युवक को वाहन ने कुचला, दिल्ली रेफर

■ पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया

**बहादुरगढ़।** बादली रोड सुबह के वक्त दौड़ लगा रहे एक युवक को रफ्तारी वाहन ने रौंद दिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। परिजनों की शिकायत पर सदर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल की पहचान भीम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, भीम छोटूराम पार्क में अपने मामा के यहां रहता है। रोजमर्रा की तरह सुबह करीब साढ़े पांच बजे दौड़ लगाने के लिए बादली रोड की तरफ गया था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। किसी राहगीर की नजर पड़ी तो उसे संभाला। उसके फोन से ही परिजनों को सूचित किया। सूचना पाकर परिजन वहां गए तो भीम सड़क किनारे घायल अवस्था में था। आनन फानन में वे उसे एक निजी अस्पताल में ले गए। वहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे दिल्ली के बालाजी एक्शन अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार, हादसे के बाद से ही भीम बोलने में असमर्थ है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## युवक से दो अवैध पिस्तौल और कारतूस बरामद



**झज्जर।** एसटीएफ की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम दुजाना थाना क्षेत्र में गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि राहुल निवासी धौड़ अवैध हथियार लिए हुए धौड़ दुजाना मार्ग पर है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो अवैध हथियार, एक जिंदा कारतूस और एक मैगजीन बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी की पहचान राहुल निवासी धौड़ के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पर अवैध हथियार रखने और जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत आधा दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज है।

## केएमपी पर दुपहिया, हलके और जुगाड़ू वाहनों को चलाने पर रोक


**झज्जर।** पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि केएमपी पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बदलाव किया गया है। पलवल से कुंडली टोल और जम्मू कटरा नेशनल हाईवे पर कुछ धीमी गति से चलने वाले वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नियमों के अनुसार लगाया गया है। उन्होंने बताया कि दुपहिया वाहन, थ्री-व्हीलर, गैर-मोटर चालित वाहन, कृषि ट्रैक्टर, मल्टी-एक्सल हाइड्रोलिक ट्रेलर वाहन, जुगाडू वाहनों, चौपहिया साइकिलों पर रोक रहेगी। इन सभी वाहनों को मुख्य मार्ग के बजाय सर्विस लेन का उपयोग करना होगा। यदि कोई वाहन चालक इन नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## शराब पीकर वाहन चलाने पर 43 चालकों के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

यातायात नियमों के उल्लंघन और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ वीरवार की रात पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 43 वाहन चालकों के नशे की हालत में वाहन चलाने पर चालान काटे गए और पांच वाहन इंपाउंड किए गए। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व यातायात पर्यवेक्षक अधिकारी एसीपी दिनेश कुमार ने किया।



बहादुरगढ़। रात को जांच अभियान चलाती पुलिस।

### सड़क हादसों को रोकना प्राथमिकता

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सड़क हादसों को रोकना और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक करना है। कुल मिलाकर 93 चालान किए गए हैं। इनमें शराब पीकर वाहन चलाने के 43, बिना नंबर प्लेट वाले 14 और गलत साइड में गाड़ी चलाने वाले 36 चालकों के चालान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह है, इसलिए वाहन चालक ऐसा न करें।

## गणेश महोत्सव 27 से शुरू होगा : दस दिन के लिए शहर होगा गणेशमय

## राजस्थान के कारीगर ईको फ्रेंडली कलर प्रयोग कर मिट्टी से मूर्ति बना रहे, पानीपत के बंगाली कारीगर सजाएंगे पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इस बार गणेश महोत्सव 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जाएगा। इसके लिए एक तरफ जहां गणपति धाम में तैयारियां हो रही हैं। वहीं दूसरी तरफ बहादुरगढ़ के सबसे पुराने पंडाल बालक हितैषी सेवा समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दस दिन के लिए शहर गणेशमय होने जा रहा है। गणपति धाम में बुधवार 27 अगस्त को गणपति वस्त्र श्रृंगार के बाद कलश यात्रा, हवन, गणपति चरण पूजा व भंडारा आयोजित किया गया।

समिति के प्रचार मंत्री रविकांत भोंसले ने बताया कि बुधवार 27 अगस्त को नगर परिक्रमा के बाद पुरानी सब्जी मंडी में गणपति की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। रविवार 31 अगस्त को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शनिवार 6 सितंबर को झांकी के बाद हरिद्वार में विसर्जन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजस्थानी कारीगर ईको फ्रेंडली कलर प्रयोग कर मिट्टी से मूर्ति बना रहे हैं। पंडाल सजाने के लिए पानीपत से बंगाली कारीगर आएंगे। वे वॉटर प्रूफ पंडाल बनाएंगे। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।



### ऊर्जा बचाओ- पर्यावरण बचाओ का दिया जाएगा संदेश

कार्यक्रम की थीम ऊर्जा बचाओ रहेगी। पंडाल में बहुत कम लाईट का प्रयोग होगा। रोज आरती के बाद ऊर्जा बचाओ पर्यावरण बचाओ संदेश दिया जाएगा। बता दें कि बालक हितैषी सेवा समिति की स्थापना 1976 में रजनीश गुप्ता और दिनेश गुप्ता पालीवाल ने की थी। महाराष्ट्र से आए रविकांत भोसले ने 2004 से योगेंद्र राठी के साथ मिलकर धूमधाम से गणेश महोत्सव मनाना शुरू किया। रोहित सैनी, सचिन सैनी, जोनी गुप्ता, नीरज शयोराण, अंकित शर्मा, नितिन शर्मा, लोकेश जांगडा, विशाल जरगर, अमन सैनी, अंकित रोहिल्ला, गौरव सैनी, कुलदीप सरदार, मोनू शर्मा, अन्नु वालिया, मयंक जैन, योगेश सैनी, कपिल राठी, तरुण सैनी, टिंकू, राहुल सैनी, दिनेश रावल, धीरज जांगडा, आलोक रंजन व अरुण ओझा आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विमर्श किया।

## यूपी के व्यापारी को चपत : तूड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली, नकदी लेकर साथी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा से पराली खरीदकर दिल्ली में बेचने का कारोबार करने वाले यूपी के निवासी एक व्यक्ति के साथ गांव मांडोठी में वारदात हो गई। साथ काम करने वाले लोग ही अंधेरे में पराली से भरी ट्रॉली, ट्रैक्टर और हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर चंपत हो गए। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सहारनपुर के निवासी सन्नी के साथ हुई है। सन्नी के मुताबिक, उसके पास तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली हैं और वह हरियाणा से पराली खरीदकर दिल्ली बेचता है। गत 10 अगस्त को उसने बागपत निवासी अबरू के साथ 25 हजार रुपये महीने पर ट्रैक्टर चलाने का इकरार किया था। हाल ही में वह मजदूरों और ड्राइवरों सहित तीनों ट्रॉली लेकर गांव मांडोठी में आया था। एक ट्रॉली पराली से लोड करने के बाद वह सो गया, जबकि अबरू अपने साथियों युसुफ, आमिर और सुफियान के साथ शराब पी रहा था।

- रात के अंधेरे में वारदात
- हरियाणा से पराली खरीदकर दिल्ली बेचता है सन्नी

### चार आरोपियों पर केस दर्ज



सन्नी की जब सुबह आंख खुली तो उसने देखा कि उसकी पराली से लदी ट्रॉली, ट्रैक्टर और अबरु तथा उसके तीनों साथी मौके से गायब थे। साथ ही मेरी पैंट की जेब में रखे 25 हजार रुपये भी नहीं मिले। बकौल सन्नी, उसने अपने स्तर पर नजफगढ़ मंडी और आसपास तलाश की, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद अब पुलिस को शिकायत दी। मांडोठी चौकी पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# सलमान ने लद्दाख में शुरू की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि सलमान ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की पहली शूटिंग लद्दाख में शुरू हुई है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है। इस तस्वीर में सलमान खान नीले रंग के कपड़ों में दिख रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो चुकी है। इस तस्वीर के सामने आने से सलमान के प्रशंसकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले मुंबई में शूटिंग को किसी कारण से स्थगित कर दिया गया था।

## लाइफ Style



# कृति वेतन में समानता क्यों नहीं है?

कृति सेनन बॉलीवुड से जुड़े खास मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखती है। हाल ही में वह फिल्म इंडस्ट्री के इनकम गैप के बारे में बात करती दिखीं। आज भी हीरो और हीरोइन की फीस में जमीन और आसमान का अंतर है। इस बारे में भी कृति सेनन अपनी राय रख रही हैं।

मुंबई।कृति सेनन ने अपने कॅरियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है। कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि, कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है। कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।'कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# एमिली की जिंदगी में होगा ड्रामा

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सीरीज ने कब्जा किया है। इनमें से एक अमेरिकन कॉमेडी ड्रामा एमिली इन पेरिस भी शामिल है। चार हिट सीजंस के बाद एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन आ रहा है। हाल ही में, एमिली इन पेरिस सीजन 5 की रिलीज डेट अनाउंस की गई है। पांचवां सीजन इसी साल दिसंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बात करें सीरीज की कास्ट तो इसमें मिली कॉलिन्स के अलावा लीड रोल में लुकास ब्रेवो, एशली पार्क, कैमिली रजात, लूसियन लेविसकाउंट और यूजेनियो फ्रांसेचिनी जैसे कलाकार हैं।



# एम्परर ऑफ सैंड और वन्स मोर राउंड द सन से हुए प्रसिद्ध

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे। मैस्टोडॉन के दो एल्बम काफी प्रसिद्ध हुए थे, जिनमें एक 2017 का 'एम्परर ऑफ सैंड' है और दूसरा 2014 में आया 'वन्स मोर राउंड द सन' है। साथ ही आपको बताते चलें कि ब्रेंट ने साल 2025 के मार्च महीने में बैंड छोड़ दिया था। उनके जाने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि, बैंड ने कहा था कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।



# टाइगर और हरनाज की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** शुक्रवार को 'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना 'बहली सोहनी' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के हॉट मूव्ज और हरनाज के सिजलिंग डांस ने फैंस का दिल जीत लिया है। टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म बागी 4 के लेटेस्ट गाने 'बहली सोहनी' को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है।.. और वाइब हिट हो जाता है।. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह 'बहली सोहनी' है। सॉन्ग आउट हो गया है। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर और हरनाज के फैंस को उनका यह गाना शानदार लग रहा है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार, एक और फैन ने लिखा, जबरदस्त डांस, तो वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।



# अमिताभ ने केबीसी कंटेस्टेंट संग किया फ्लर्ट

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन महिला कंटेस्टेंट के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ कंटेस्टेंट को पानी पिलाने के बाद नैपकिन देते हैं और फिर होठों का जिक्र करते हैं। शायद ही किसी ने अमिताभ बच्चन को ऑनस्क्रीन या पब्लिकली फ्लर्ट करते हुए देखा होगा, पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में उन्होंने ऐसा किया। हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट के साथ 82 साल के अमिताभ बच्चन ने ऐसा फ्लर्ट किया कि सबकी हंसी छूट गई। वहीं, उनके वन लाइनर ने फैंस का दिल जीत लिया। यह एपिसोड जल्द ही आएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है और यह वायरल हो रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड में हॉटसीट पर नासिक की विजय चड्ढा बैठीं। उनकी उम्र 60 के आसपास होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में दिखेंगे टीवी, फिल्मों और मॉडलिंग से जुड़े सेलेब्स

**नई दिल्ली।** सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। अभी तक कंटेस्टेंट के फाइनल नाम सामने नहीं है। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं। 90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है। अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है।

### गांववालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ

**नई दिल्ली।** कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह 'छोरियां चली गांव' की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क. मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के जरिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया। इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने।



# दुनिया की वो बड़ी फ्लॉप फिल्म, बजट 98 मिलियन डॉलर, नुकसान 147 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई फिल्में रिलीज होती है। कुछ फिल्मों को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहाते हैं। तो कुछ फिल्मों को कम बजट में बनाकर मालामाल हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताएंगे जो बॉक्स ऑफिस पर आते ही धड़ाम हो गई। इस फिल्म का बज तो ज्यादा था, लेकिन उतना ही मुंह के बल फिल्म गिरी। इस फिल्म को बनाने के बाद मेकर्स का बुरा हाल हो गया। 2 घंटा 4 मिनट की इस फिल्म का नाम 'कटथ्रोट आइलैंड' है। ये फिल्म 1995 में आई थी यानी कि आज से 30 साल पहले। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने अपनी तिजोरी खोल दी थी। मेकर्स को ऐसी उम्मीदें थी कि इस फिल्म को बनाने के बाद वो मालामाल हो जाएंगे। लेकिन, हुआ इसका ठीक उल्टा।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। यहां तक कि इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे साल 2012 तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म माना गया। इस फिल्म का बजट करीबन 98 मिलियन डॉलर था यानी कि भारतीय करंसी में 8,57,60,29,000.00 में बनकर तैयार हुई थी।

### महाफ्लॉप मूवी

ये एक एंडवेंचरस फिल्म थी, जिसका निर्देशन रेनी हार्लिन ने किया था। इस फिल्म में लीड स्टार्स में गीना डेविस, मैथ्यू मोडिन , फ्रैंक लैंगेला, मॉरी चायकिन और पैट्रिक मालाहाइड थे। इस फिल्म की कहानी महिला समुद्री डाकू और उसके साथी की है। वो एक खजाने वाले द्वीप को ढूंढते और अपने विरोधियों का सामना करते हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी पर 5.7 की रेटिंग है। इसे आप फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं।

**10 मिलियन यूएस डॉलर कलेक्शन:** जबकि फिल्म ने 10 मिलियन यूएस डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 87,52,75,000 का कलेक्शन कर पाई थी। लिहाजा, इस फिल्म को 147 मिलियन डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 12,86,52,14,560.80 का नुकसान हुआ।

# एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, दिखेगी इंटेंस लव स्टोरी



**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा कि रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'का टीजर शुक्रवार को रिलीज हो गया है। टीजर में दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए नजर आए हैं। फिल्म में एक इंटेंस लव स्टोरी नजर आएगी। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। टीजर की शुरुआत जोरदार बारिश के सीन से होती है, जहां सभी लोग छाता लिए हुए खड़े हैं। इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की झलक दिखती है। इस बीच हर्षवर्धन राणे की आवाज में वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहते हैं 'तेरे लिए मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं। ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।'इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की लव स्टोरी से लेकर उनके बिछड़ने तक की कहानी देखने को मिलती है। टीजर को देखकर पता चलता है कि हर्षवर्धन राणे एक बार फिर एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आए हैं, जिसमें प्यार और रोमांस से लेकर दर्द और नफरत तक देखने को मिलेगी। टीजर में एक के बाद एक कई शायराना अंदाज के डायलॉग हैं।



## जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, उनके पीछे की है एक कहानी

# वेटर को आवाज लगाने से बन गया ऐसा गाना, जिसका जादू आज भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** संगीत कहां नहीं है? जरूरत है तो बस उस पल को, उस धुन को सुनने की, जो हमारे आसपास की हर बेपरवाह आवाज में है। पानी की टपकती बूंदों में, पत्तों की फड़फड़ाहट में, किसी के कदमों की आहट में, ट्रैफिक में फंसी गाड़ियों के हॉर्न में, हर शोर के कोने में एक संगीत छुपा है। जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, वो जो दिल को छू जाते हैं, कभी अपनी धुन से, तो कभी अपने बोल से, उन सब गीतों के बनने के पीछे की एक कहानी है। ये कहानियां कभी म्यूजिक स्टूडियो की बंद दीवारों में सजती हैं, तो कभी पहाड़ों की कोख में गुनगुनाती धूप में। आज हम यहां एक ऐसे ही हिंदी गाने के बनने का किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। एक ऐसा गाना, जिसका आगाज एक चाय की दुकान में वेटर को आवाज लगाने से शुरू हुआ। वो वेटर तो इस गीत को बनाने वालों के पास देर से पहुंचा, लेकिन हिंदुस्तानी सिनेमा को ऐसा गीत दे गया, जिसका जादू 70 साल बाद भी बदस्तूर बरकरार है।

### हिंदी गीत में तेलुगू की छाप

यह गाना इसलिए भी खास है कि इस हिंदी गीत में तेलुगू की छाप है। लेकिन, मजेदार बात यह भी कि शायद ही इसे सुनने वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया। यही इसके संगीत और अंदाज का जादू भी है। जिसने इसे सुनने वालों को बस बहने दिया, बिना यह पूछे कि वो जो गा-गुनगुना रहे हैं, उसका मतलब है क्या? हम बात कर रहे हैं कि फिल्म 'श्री 420' के सुपरहिट गाने 'रमैया वस्तावैया' की, जिसमें 'वस्तावैया' एक तेलुगू शब्द है। वैसे, इस नाम 'रमैया वस्तावैया' से 2013 में एक फिल्म भी बनी थी। साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी इसका इस्तेमाल हुआ और गाना 'नॉट रमैया वस्तावैया' बनाया गया। खैर, कहानी शुरू से शुरू करते हैं। यह बात है 50 के दशक की। तब राज कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस 'आरके फिल्म्स के बैनर तले 'श्री 420' बना रहे थे। राज कपूर, नरगिस और नादिरा स्टारर इस फिल्म में शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने संगीत दिया है।



### खंडाला के होटल में वेटर था रमैया

बात कुछ यूं आगे बढ़ी कि खंडाला में शंकर, जयकिशन, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, चाय-नाश्ते के लिए सड़क किनारे एक होटल में रुकते थे। यह शंकर की पसंदीदा चाय की दुकान थी। शंकर का पूरा नाम, शंकर सिंह राम सिंह रघुवंशी था और उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। खंडाला के उस होटल में एक वेटर था रमैया, वह तेलुगू था। शंकर उससे इसी भाषा में बात करते थे। उस दिन भी चारों जब होटल में बैठे तो शंकर ने रमैया को ऑर्डर देने के लिए आवाज लगाई। तेलुगू में 'वस्तावैया' का मतलब 'यहां आओ' होता है। शंकर ने उस वेटर को आवाज दी- रमैया वस्तावैया। बताया जाता है कि तब रमैया किसी और का ऑर्डर लेने में व्यस्त था। उसने शंकर की ओर रुकने का इशारा किया। जब थोड़ी देर बाद भी वह नहीं आया, तो शंकर थोड़े अधीर हो गए। उन्होंने एक सुर में कई बार कहा- रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया...

### इस पर तो पूरा गीत बनता है

अब मामला कुछ ऐसा बना कि ये दोनों लाइनें चारों को बड़ी सुरीली लगीं। खैर, रमैया आया, ऑर्डर दिया गया। जब ये चारों वापस मुंबई लौटे तो राज कपूर साहब को ये धुन और बोल सुनाए गए। वह भी इससे बड़े प्रभावित हुए। तय हुआ कि इसे बढ़ाया जाए और एक पूरा गीत बनाया जाए। शैलेंद्र कलम लेकर बैठ गए। शंकर-जयकिशन तबला और हारमोनियम लेकर। इस बीच मन में यह खयाल भी आया कि शायद 'रमैया वस्तावैया' हिंदी के दर्शकों को समझ नहीं आए। लेकिन फिर इसे बदलने लायक कोई दूसरा उपयुक्त शब्द नहीं मिला। इसलिए, मूल तेलुगू शब्द को ही रखा गया।

### गाने हुए बंपर हिट

साल 1995 में जब श्री 420'फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसने उस दौर 3.9 करोड़ रुपए का ग्रॉस बिजनस और 2.00 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वैसे तो फिल्म के सभी 8 गाने हिट हुए। लेकिन, दो गीत प्यार हुआ इकरार हुआ और रमैया वस्तावैया को हिंदी सिनेमा में 'कल्ट' का दर्जा मिला। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और मुकेश की आवाज ने जादू चलाया। कुल मिलाकर खंडाला के चाय की उस दुकान पर, रमैया वेटर को आवाज लगाने और इंतजार के पल से एक ऐसा गीत बना, जो आज 70 साल बाद भी दिल हो छू जाता है।

## खबर संक्षेप

### द्वारका के स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** द्वारका स्थित मैक्सफोर्ट स्कूल को बम की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार सुबह खाली करा लिया गया। दिल्ली पुलिस, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस), बम निरोधक दस्ता और डॉग स्कवायड ने घंटों तक परिसर की खाक छानी लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।
दमकल को सुबह सात बजकर पांच मिनट पर इस धमकी के संबंध में सूचना मिली। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते और दमकल की गाड़ियां द्वारका सेक्टर-7 स्थित स्कूल के अंदर पहुंचीह और तलाशी अभियान शुरू किया। स्कूल को बम की धमकी ईमेल के जरिए दी गई। ईमेल के जरिये स्कूलों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला गत चार दिनों से जारी है। हर धमकी के बाद छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गहन जांच की जा रही है।

### बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में चार दिवसीय वार्षिकोत्सव आयोजित

# इच्छाओं का अंत हो सकता है परंतु महत्वाकाएं का नहीं: स्वामी उमानंद

■ महत्वाकांक्षा वह रोग है जो मनुष्य के पतन का कारण बनता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में चल रहे चार दिवसीय वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमरधाम हरि मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी उमानंद महाराज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महत्वाकांक्षा वह रोग है जो मनुष्य के पतन का कारण बनता है। फल की इच्छा से कर्म करना मनुष्य की स्वभाव है, लेकिन महत्वाकांक्षा इतना अधिक स्वार्थ बढ़ा देती है कि उसे अपना कद ऊंचा लगता है। उन्होंने कहा कि इच्छाओं का अंत हो सकता है परंतु महत्वाकांक्षा अंतहीन है। रावण की महत्वाकांक्षा ने सोने की लंका को भी महत्वहीन कर दिया था। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर भी जब किसी व्यक्ति की महत्वाकांक्षा उग्र रूप धारण कर लेती है तो वह भी समाज और परिवार के बिखराव का कारण ही बनती है।


झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### आज होगा तरंगोत्सव, संध्या सितारा करेंगी अमृत वर्षा

मंदिर सभा सदस्य वेद बहल पाशु ने बताया कि वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन मंदिर में तरंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में भजन गायिका संध्या सितारा भगवान श्रीकृष्ण के मधुर भजनों की अमृत वर्षा करेंगी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना, नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी व मनीष बंसल को आमंत्रित किया गया है।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना एवं अन्य।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन, डीईओ ने प्रमाण पत्र देकर किया उत्साहवर्द्धन

**झज्जर।** शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान माछरौली में राजनीति विज्ञान, इतिहास और गणित विषय के पीजीटी शिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम फलीभूत होना चाहिए और इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से आहवान किया कि वे कक्षा में नई और अभिनव शिक्षण विधियों का उपयोग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि उनकी पढ़ाई सीधे विद्यार्थियों के मन-मस्तिष्क तक पहुंचे। उन्होंने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी शिक्षकों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम समन्वयक सुनील कुमार ने पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान डॉक्टर सुदर्शन पूनिया, मास्टर ट्रेनर्स प्रवीन कुमार, खजान सिंह, डॉक्टर हरिओम, यशबीर कादियान, मुकेश अग्रवाल, सोमबीर बेनीवाल, संदीप जाखड़, पूजा शर्मा , सुरेंद्र सिंह, नवल सिंह, सुभाष चंद्र, भूपेंद्र रोज, डॉक्टर संदीप कुमार, सुमित कटारिया, मांगेराम, डॉक्टर मनोज कौशिक, मनोज मलिक, डॉक्टर रमेश दहिया, सोनिया कौशिक सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# युकां ने वोट चोरी के खिलाफ लगाए स्टीकर

■ बहादुरगढ़ में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष निशित कटारिया की अगुवाई में चिपकाए गए स्टीकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा यूथ कांग्रेस ने चुनावों में वोट चोरी और वोटर लिस्ट में धांधली के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया है। बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन पर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्टीकर लगाओ अभियान चलाया। इससे पहले पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून और जिलाध्यक्ष संजय यादव ने भी गाड़ियों पर स्टीकर चिपका कर अभियान की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता युकां के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने की। महासचिव प्रदीप यादव की अगुवाई में स्थानीय यूथ कांग्रेस पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वाहनों पर स्टीकर लगाए। निशित कटारिया ने कहा कि केंद्रीय चुनाव आयोग और हरियाणा निर्वाचन आयोग को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। यदि वोटर लिस्ट की गड़बड़ियों और धांधली को दूर नहीं किया गया, तो यूथ कांग्रेस सरकार के खिलाफ बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करेगी। प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव ने कहा कि चुनाव में वोटों की चोरी और धांधली लोकतांत्रिक प्रणाली पर बदनुमा दाग है। बीते हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी धांधली करके कांग्रेस को हराया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेद प्रधान, पंडित राज पहलवान, पार्षद बलराम दलाल, संजीव मलिक, पूर्व पार्षद रविंद्र जाखड़, संदीप दहिया, सतबीर दहिया, यतिन सचदेवा, राजेश खत्री, सुनील दहिया, प्रवीन मान, वीरेंद्र मलिक, लाल चंद, धर्मेंद्र जेलदार, पंकज फौगाट, वरुण राठी, राजेश कलसन, कमल अरोड़ा, नीटू अहलावत, प्रदीप जांगड़ा, अमित खत्री, संजीव, चिंटू, सुमित छिकारा व लवलीन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। वोट चोरी के खिलाफ अभियान चलाते युवा कांग्रेसी। फोटो :हरिभूमि

# प्लेसमेंट ड्राइव में 18 छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में रोजगार प्रकोष्ठ एवं उद्यमिता विकास क्लब के तत्वावधान में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया को तीन चरणों, प्रारंभिक चरण, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में विभाजित किया गया। प्रथम चरण के बाद 18 विद्यार्थियों का चयन किया गया। सभी प्रतिभागी उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रक्रिया में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्राध्यापक दीपक ने किया तथा डॉ. सुधीर ने सहयोग किया। प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने कहा कि ऐसे अवसर न केवल विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में सहायक हैं बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और भविष्य निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं स्टॉफ सदस्य।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी में सीआर स्कूल की टीम प्रथम

■ प्रतियोगिता में जिले के हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालयों के 114 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालयों के 114 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मनुष्य के जीवन में विज्ञान के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस विज्ञान प्रश्नोत्तरी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल एवं मनोरंजन के माध्यम से विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना एवं वैज्ञानिक जागरूकता पैदा करना है। द्वितीय स्तर की इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पहले स्क्रीनिंग परीक्षा द्वारा 38 टीमों में से चयनित आठ टीमों ने फाइनल क्विज में हिस्सा लिया। जिला स्तरीय मुख्य क्विज में पहले पांच स्थान पाने वाली टीमों को जोनल स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। इस मौके पर जिला गणित विशेषज्ञ विक्रम सिंह, सहायक परमजीत सैनी, डीएवी स्कूल प्राचार्य पंकज वालिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। जिला शिक्षा अधिकारी के साथ मंच पर उपस्थित होनहार विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

#### इन स्कूलों की टीमें बनीं विजेता

प्रतियोगिता परिणामों में सीआर स्कूल माजरा-डी की टीम प्रथम, पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ की टीम द्वितीय, एमपीडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल मारौत की टीम तृतीय, बीएमडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल माजरा-डी की टीम चौथे व एमडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुड्डन की टीम पांचवें स्थान पर रही।

# नालों की सफाई का लिया जायजा


बहादुरगढ़। अपनी मौजूदगी में नालों की सफाई करवाते संजीव मलिक।

■ नालों की सफाई होते देख आसपास के दुकानदारों व वाशिंदों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

झज्जर रोड पर शुक्रवार को मशीनों के जरिए नालों की सफाई कराई गई। नालों की सफाई होते देख आसपास के दुकानदारों व वाशिंदों ने भी राहत की सांस ली। पालिका अभियंता जोगेंद्र सिंधु ने भी सफाई सफाई कार्य का जायजा लिया। वार्ड-23 की पार्षद सुनैना मलिक के पति संजीव मलिक ने बताया कि झज्जर रोड पर पिछले करीब 15 वर्षों से नालों की ठीक तरह से सफाई नहीं हो पाई थी। इसी वजह से बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या बनी रहती है और पानी कई-कई घंटे तक सड़क पर जमा रहता है। यदि नालों की नियमित सफाई हो तो पानी कुछ ही समय में निकल सकता है और जलभराव की समस्या से निजात कहीं हद तक मिल सकती है। पालिका अभियंता जोगेंद्र सिंधु ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे नालों में प्लास्टिक, पॉलिथिन और बोतलें न फेंके, क्योंकि यही निकासी को सबसे ज्यादा अवरुद्ध करते हैं।

# डीसी ने एटीआर रिपोर्ट समय पर भेजने के दिए निर्देश

■ साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए अधिकारियों को इसकी गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा। यह बात साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल कही। प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा की और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान उपरांत एटीआर शीघ्र भेजी जाए और रिपोर्ट पर विभागाध्यक्ष के ही हस्ताक्षर होने चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी अन्य उनके मातहत अधिकारी के हस्ताक्षर वाली रिपोर्ट स्वीकार्य नहीं होगी।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो :हरिभूमि

### वकीलों और शिक्षित महिलाओं से नौकरी के नाम पर ठगी

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की साइबर पुलिस स्टेशन टीम ने एक जॉब स्कैम का पर्दाफाश किया है। यह शख्स खासतौर पर वकीलों और पढ़ी लिखी महिलाओं को नौकरी के नाम पर चूना लगाता था। आरोपी शख्स ने गत दिनों सरकारी अधिकारी बनकर एक महिला से 23,110 रुपये ठगे थे।डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार शिखा तिवारी निवासी विश्वास नगर, शाहदरा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 जून को उन्हें विजय लक्ष्मी जो एक वकील हैं से एक संदेश मिला, जिसमें कहा गया था कि आरोपी अपनी प्रोफाइल में उल्लिखित नौकरी प्रदान करने के लिए एक सक्षम व्यक्ति है। बाद में यह पता चला कि विजय लक्ष्मी की प्रोफाइल को ही अभियुक्त ने हैक कर लिया था और उसे पैसे देने के लिए लुभाने के लिए उसका दुरुपयोग किया गया था। दरअसल शिकायतकर्ता को उसके मोबाइल पर 11 जून को शिक्षा विभाग के नाम और शैली में एक मैसेज भेजा गया था। उसमें उन्हें महिला आयोग में नौकरी का वादा किया गया था। इसके बाद उसे एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया था कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति 5,260 रुपये का अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क देकर आवेदन कर सकता है। इसके बाद उसी दिन लगभग 8:35 बजे उसे एक और ईमेल मिला जिसमें पुष्टि की गई कि संसद सदस्य कोटे के तहत सीट के लिए उसका पंजीकरण पूरा हो गया है। ईमेल में एक पंजीकरण संख्या **WHSAP**92689 भी दी गई थी। इसके बाद 12 जून को उसे एक और ईमेल मिला जिसमें बताया गया कि उसे अगले साक्षात्कार दौर के लिए 15 उम्मीदवारों में से चुना गया है। इसमें आगे उल्लेख किया गया था कि उनकी टीम साक्षात्कार का समय और तारीख बताएगी और उसे आगे की प्रक्रिया के लिए 12,500 और 5,350 रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया था। जब शिकायतकर्ता ने दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर आरोपी से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर उसने



बहादुरगढ़। गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते बिजलीकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**बहादुरगढ़।** ऑल हरियाणा वर्कर्स यूनियन बहादुरगढ़ द्वारा शुक्रवार को सिटी सब डिवीजन नंबर-1 के प्रधान सुनील की अध्यक्षता में गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया गया। पॉवर हाऊस, फील्ड व ऑफिस में स्टाफ की कमी को लेकर विरोध जताया गया। पावर हाऊस में स्वीकृत पोस्ट के हिसाब से 5 कर्मचारी तैनात होने चाहिए जबकि 3 कर्मचारी ड्यूटी दे रहे हैं। इससे इनका मानसिक और शाररिक शोषण हो रहा है। जब तक कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक रोजाना 1 घंटे का सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में रवींद्र दलाल, बिजेंद्र सैनी, उमेश, राकेश आदि के साथ दर्जनों कर्मचारियों ने भाग लिया।

### डीएच लारेंस कॉलेज ऑफ एजूकेशन फॉर वूमेन का बीएड द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

# बीएड परीक्षा में मनीषा रही कॉलेज में प्रथम


झज्जर। डीएच लारेंस कॉलेज ऑफ एजूकेशन की होनहार छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीएच लारेंस कॉलेज ऑफ एजूकेशन फॉर वूमेन का बीएड द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कॉलेज की छात्रा मनीषा ने 1450 में 1154 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया जबकि अंशू कादियान ने 1450 में से 1153 अंक के द्वितीय तथा दीप्ति सिंघल 1450 में से 1146 तृतीय रही। संस्थान के चेयरमैन रमेश रोहिला ने विजेता छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कि यह उनकी मेहतन व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### बीएड द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**झज्जर।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक द्वारा घोषित बीएड द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणामों में एचडी कॉलेज ऑफ एजुकेशन साल्हावास के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर सीमा राठी ने बताया कि उनके संस्थान की होनहार छात्रा अंजलि ने 750 में से 628 अंक लेकर कॉलेज को टॉप किया। इसके अलावा अंजलि ने 750 में से 616 अंको के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया जबकि छात्रा संजू 81.7 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय रही। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि उनके संस्थान के कुल 100 विद्यार्थियों में से 8 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 15 विद्यार्थी 70 प्रतिशत से अधिक तथा 28 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## खबर संक्षेप



### मोबाइल की बजाय किताबों से दोस्ती करें विद्यार्थी

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज में रहकर जो ज्ञान मिलता है, वह बाहर नहीं मिल सकता। विद्यार्थी अनुशासन में रहें, नियमित रूप से कक्षाएं लगाएं और अच्छी संगत में रहें तथा नशे से दूर रहें। मोबाइल का उपयोग कम से कम करें और किताबों से दोस्ती करें। संगीत विभाग के विद्यार्थियों काव्यांजलि, मुस्कान, शिल्पा, तन्नू, ऋतु, कपिल, विवेक, सलोनी, अभिलाषा, प्राची, मन्नत और सेजल ने सरस्वती वंदना तथा समूह गान प्रस्तुत किए।



### आरईडी के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**झज्जर।** स्थानीय पुलिस लाईन स्थित डीएवी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान क्विज में आरईडी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल प्राचार्या अनिता सिवाच ने बताया कि प्रतियोगिता में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्क्रीनिंग टेस्ट के आधार पर पांच टीमों का चयन जोनल स्तर के लिए किया गया। जिसमें उनके स्कूल की प्रियांशी, जैसमिन व शुभम ने आगामी प्रतियोगिताओं में अपनी जगह बनाई। नौवीं कक्षा की छात्रा मानसी ने जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### बसपा ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**बहादुरगढ़।** बहुजन समाज पार्टी झज्जर जिले में संगठन को मजबूत बनाने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पार्टी की जिला टीम बुपनिया और सांखोल गांव में ग्रामीणों के बीच पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों को पार्टी की नीतियां बताई गई और संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में प्रदेश सचिव मास्टर हेमचंद्र मेहरा ने विशेष भूमिका निभाई। उनके साथ जिला अध्यक्ष सतबीर जाखौदा, अमित, कृष्ण सांखोल, भूपेंद्र सिंह, रामेश्वर, बलजीत तंवर, रतनलाल गौतम, जयभगवान सिंह, कर्मबीर परनाला, रामकुमार सौलधा मौजूद रहे।

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अभियान तेज करने के दिए निर्देश

# झज्जर को नशा मुक्त बनाएं, मिशन मोड में युवाओं को साथ जोड़कर जागरूक करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति बैठक की अध्यक्षता डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने की। उन्होंने कहा कि नशे की प्रवृत्ति को खत्म करना कानून-व्यवस्था के साथ ही समाज सुधार का भी अभियान है। इसके लिए जिले के सभी विभागों को मिशन मोड में मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि युवाओं को अधिक से अधिक इस मुहिम से जोड़कर जागरूक करें। उन्हें खेल, शिक्षा और रोजगार सहित अन्य सकारात्मकता की गतिविधियों से जोड़ें। डीसीपी जसलीन कौर ने बताया कि पुलिस द्वारा जिले में नशे की प्रवृत्ति वाले लोगों की पहचान के लिए विशेष सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के आधार पर ऐसे युवाओं को नशे से दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में डीसीपी जसलीन कौर सहित समिति सदस्य मौजूद रहे।



**झज्जर।** आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### बच्चों को आत्मरक्षा, बड़ों को किया नशे के खिलाफ जागरूक



**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को निरीक्षक सतीश कुमार ने मेट्रो स्टेशन बहादुरगढ़ के निकट लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा एक खतरनाक बीमारी है। यह हमें अंदर से कमजोर बना देती है। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने और बच्चों की पढ़ाई व संस्कारों पर विशेष ध्यान देने की अपील की। वहीं, दूसरी तरफ मुख्य सिपाही मीना और सिपाही सोनू ने गवर्नमेंट हाई स्कूल बालोर में विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। टीम ने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की बातों या दी गई खाने-पीने की वस्तुओं पर भरोसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह खतरे का कारण बन सकता है। पुलिसकर्मियों ने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि यदि कहीं छेड़खानी या किसी तरह की अनुचित हरकत का सामना करना पड़े तो तुरंत माता-पिता, गुरुजनों या पुलिस को इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी मित्र है और किसी भी परिस्थिति में हरसंभव मदद करेगी।

## ब्रह्माकुमारियों ने विद्यार्थियों से नशामुक्त समाज बनाने का किया आह्वान

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में ब्रह्माकुमारियों ने विद्यार्थियों से नशामुक्त समाज बनोन का आह्वान किया। बीके निधि, शिवप्रीत दीदी और विशाल भाई ने छात्रों को जीवन में नशे से दूर रहने, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। बीके निधि दीदी ने बताया कि नशे से व्यक्ति का स्वास्थ्य बिगाड़ता है, पूरे परिवार और समाज की भी हानि होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। इस दौरान उन्होंने एक कविता पाठ भी किया गया। जिसमें भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरणा दी गई। प्रधानाचार्या मोनिका राठी और स्कूल निदेशक हर्षदीप राठी ने उनके मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया। यह संकल्प लिया कि विद्यार्थियों को निरंतर ऐसे सकारात्मक अभियानों से जोड़ा जाएगा।




**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरुक करती ब्रह्माकुमारियां।

## सेमिनार में समझाया, नशे से बचें, भविष्य सुरक्षित रखें



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में शपथ लेती छात्राएं व स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में ड्रग एब्यूज सैल द्वारा नशा मुक्ति पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से बीके अमृता दीदी के साथ राजबाला व दिनेश अग्रवाल ने छात्राओं को समाज में बढ़ती नशा प्रवृत्ति व इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते नशे की समस्या एक बहुआयामी चुनौती बनकर समाज व राष्ट्र के युवाओं को दिशा से भ्रमित कर रही है। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि सभी नशे से बचें और अपना भविष्य सुरक्षित करते हुए उद्देश्य प्राप्ति की ओर बढ़ें। ड्रग एब्यूज सैल की सदस्य अंजु चौधरी ने कहा कि नशा गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। आयोजन में डॉ. नैना फोगाट व डॉ. दीपिका ने अहम भूमिका निभाई।

### समस्याओं पर सक्रियता से कार्य करें : डीसी

**झज्जर।** शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन तत्परता से करें। शहरवासियों से जुड़े मुद्दे प्रशासन की प्राथमिकता हैं और इनका समाधान शीघ्र होना चाहिए, ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके और उनका जीवन स्तर बेहतर हो। बैठक के दौरान नप चेयरमैन ने शहर की विभिन्न समस्याओं की विस्तृत जानकारी डीसी के समक्ष रखी।

## विद्यार्थियों को बस में चढ़ते-उतरते समय नियमों की पालना करने को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पुलिस की एक टीम द्वारा विद्यार्थियों को बस पर चढ़ते और उतरते समय नियमों की पालना करने के प्रति जागरूक किया। मुख्य सिपाही लाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुबह स्कूल में जाने के लिए निर्धारित समय से पहले बस स्टॉप पर पहुंचे और सड़क से कम से कम दस फुट की दूरी पर खड़े रहे। स्कूल की बस आने पर उसके पूरी तरह से रुकने का इंतजार करें और बस के रुकने के बाद दरवाजा खुलने का इंतजार करें, एक पंक्ति में खड़े हो जाएं। बस में चढ़ते समय धक्का मुक्की ना करें। बस में चढ़ते या उतरते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें की बैग की कोई वस्तु रेलिंग या दरवाजे में ना फंस जाए, बस में चढ़ने के बाद अपने शरीर के अंग को बाहर नहीं निकलना चाहिए और ना ही बस में शोर मचाना चाहिए क्योंकि शोर मचाने से बस ड्राइवर का ध्यान भटकता है। उन्होंने कहा स्कूल से वापसी में बस से उतरने से पहले सड़क पर अन्य वाहनों पर नजर रखें, सड़क पार करने से पहले सड़क के बाएं-दाएं देखकर सड़क पार करें, कभी भी बस के पास या बस के नीचे पड़ी किसी भी चीज को उठाने की कोशिश ना करें।



## 120 बहादुर फिल्म का नाम बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रेजांगला युद्ध में शहीद हुए 114 वीर योद्धाओं पर बनी फिल्म का नाम 120 वीर अहीर रखने की मांग को लेकर शुक्रवार को अमर शहीद राव तुलाराम यादव सभा के सदस्य लघु सचिवालय पहुंचे। यहां उन्होंने संगठन प्रधान रामौतार यादव के नेतृत्व में डीसी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बताया गया है कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान लद्दाख के रेजांगला क्षेत्र में हुई ऐतिहासिक लड़ाई में 13 कुमाऊं बटालियन की चार्ली कंपनी के 120 सैनिकों ने करीब पांच हजार चीनी सैनिकों का डटकर मुकाबला किया था। इस वीरता भरे युद्ध में 114 सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थे। संगठन सदस्यों के अनुसार चार्ली कंपनी के 120 सैनिकों में से 117 सैनिक यदुवंशी थे। जिनके बलिदान की गाथा आज भी प्रेरणा स्रोत बनी हुई है। रामौतार यादव ने बताया कि इस युद्ध में मेजर शैतान सिंह को परमवीर चक्र और नायब सूबेदार सूरजा राम यादव सहित आठ अन्य वीरों को वीर चक्र से सम्मानित भी किया गया था।

उन्होंने मांग की है कि रेजांगला युद्ध पर बनने वाली फिल्म का नाम 120 वीर अहीर रखा जाए उसमें तथ्यों को सही किया करते हुए यदुवंशी वीरों का यथोचित सम्मान दिखाया जाए। ज्ञापन में यह भी आग्रह किया गया कि फिल्म रिलीज करने से पहले अमर बलिदानियों के परिजनों व अहीर समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों को इसकी विशेष स्क्रीनिंग दिखाई जाए और उनकी सहमति के बाद ही फिल्म को रिलीज किया जाए। इस मौके पर राम अवतार यादव, उदयभान एडवोकेट, विजय, जितेंद्र यादव एडवोकेट, यतेंद्र एडवोकेट, रमेश यादव, काला, ओमप्रकाश, कृष्ण, कप्तान युद्धवीर सिंह, कप्तान रामौतार, सूबेदार सूरत सिंह, युद्धवीर बोहरा, सुनील यादव, नरेश, रामफल फौजी, सूबेदार सरदार सिंह, प्रमोद फौजी, कृष्ण फौजी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए यादव सभा सदस्य।

## चेयरपर्सन ने धर्मपुरा में सुनीं समस्याएं

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ धर्मपुरा कॉलोनी का दौरा कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। धर्मपुरा निवासियों ने जलभराव, टूटी गलियों, डोर टू डोर कूड़ा नहीं उठाने, बरसाती नालों में रुकावट और सीवर ब्लॉकेज जैसी समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कॉलोनीवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर जेई आशीष कुमार, जेई अतुल त्यागी, प्रवीन दलाल, राकेश शर्मा, यशपाल गांधी, रिंकू भाटिया, प्रमोद पाहवा, सुनील खुराना, रिंकू चुघ, विजय पुनहानी, रिंकू सलूजा, साक्षी मदान, किरण गांधी, शशि परूथी, ऊषा पुनहानी, नीलम व शीबा चुघ आदि मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** धर्मपुरा में समस्याएं सुनती नप चेयरपर्सन सरोज राठी।

## स्लोगन में यशिका, ब्लॉग में पुनित प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में स्टूडेंट-लेड प्लेसमेंट सेल द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर स्लोगन राइटिंग एवं ब्लॉग राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह के नेतृत्व और रोजगार प्रकोष्ठ संयोजक रीना के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और अपने कौशल को पहचानने की दिशा में प्रेरित किया गया।

स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में यशिका प्रथम, कोमल द्वितीय व नैंसी तृतीय रही। ब्लॉग राइटिंग प्रतियोगिता में पुनित प्रथम, अमन श्रीवास्तव द्वितीय व विधाता आर्या तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में उद्यमशीलता, आत्मनिर्भरता एवं सृजनात्मकता को प्रोत्साहित किया गया। वोकल फॉर लोकल और छोटा कोई काम नहीं, हुनर से ही नाम सही विषय पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता हुई। जबकि मेरी उद्यमिता यात्रा विषय पर ब्लॉग राइटिंग प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनेक रचनात्मक प्रविष्टियां प्रस्तुत कीं। हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विश्व उद्यमिता दिवस लाइव सत्र में भी छात्र सम्मिलित हुए। इस वर्चुअल कार्यक्रम में सीएम नायब सैनी ने विद्यार्थियों को उद्यमिता एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रेरित किया।

## ऋतु प्रथम, सविता द्वितीय व सोनल रही तृतीय



**बहादुरगढ़।** एमडीयू द्वारा आयोजित बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में एमडी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों का परिणाम शानदार रहा। परीक्षा परिणाम में ऋतु तिवारी ने 82.27 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पाया। सविता शर्मा ने 81.86 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोनल 81.79 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। कॉलेज संस्थापक रामनिवास छिल्लर, चेयरमैन एडवोकेट प्रवीण छिल्लर व प्राचार्य डॉ. सुरबाला ने विद्यार्थियों को शानदार सफलता पर बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

रात को अज्ञात लोगों की करतूत

# पूर्व सीएम चौटाला का शिलान्यास शिलापट्ट तोड़ने का प्रयास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के महर्षि दयानंद पार्क में लगा पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के नाम का शिलान्यास शिलापट्ट अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़े जाने का प्रयास किया गया है। इस घटना के बाद एक तरफ जहां इनेलो कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जाहिर की। वहीं वारदात में शामिल आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठ रही है। बता दें कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने 9 दिसंबर 2004 को तत्कालीन मंत्री धीरपाल सिंह और तत्कालीन विधायक नफे सिंह राठी की उपस्थिति में सेक्टर-9ए में महर्षि दयानंद पार्क का शिलान्यास किया था। शहर के बाइपास पर इस सबसे लंबे पार्क का निर्माण होने के बाद यह शिलापट्ट पार्क के प्रवेश द्वार पर लगाया गया था। इस पर पार्क के शिलान्यासकर्ता के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का नाम अंकित था। बीती रात अज्ञात लोगों ने इसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इनेलो के जिला सचिव देवेंद्र दहिया शुक्रवार सुबह जब सैर करने पार्क गए तो क्षतिग्रस्त शिलापट्ट देखकर स्तब्ध रह गए। सुबह पार्क में सैर करने पहुंचे अन्य लोगों ने भी इस घटना को लेकर निंदा की। स्थानीय राजनीतिक और सामाजिक संगठनों में भी नाराजगी भी देखने को मिल रही है। पार्षद मोहित राठी के अनुसार इस बात की जांच की जानी चाहिए कि शिलापट्ट तोड़ने के पीछे किन लोगों का हाथ है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाएं न सिर्फ शहर की छवि को धूमिल करती हैं, बल्कि समाज में अनावश्यक तनाव भी पैदा करती हैं। इनेलो की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने इस घटना पर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि अविलंब शिलापट्ट को ठीक किया जाना चाहिए। पुलिस संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच करे।



■ बहादुरगढ़ के बाइपास पर सेक्टर-9ए में महर्षि दयानंद पार्क का 21 साल पहले किया गया था शिलान्यास

## बिजेंद्र फोगाट छठी बार बने प्रधान

**बहादुरगढ़।** एचएसईबी वर्कर यूनियन की बहादुरगढ़ यूनिट के त्रिवार्षिक चुनाव शुक्रवार को संपन्न हो गए। सर्वसम्मति से बिजेंद्र फोगाट छठी बार प्रधान चुन लिए गए। बिजेंद्र सहित चुने गए तमाम पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाने का भरोसा दिलाया।

चुनाव अधिकारी की भूमिका सर्कल सचिव कृष्ण यादव व नरेंद्र बेनीवाल ने निभाई। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। प्रधान बिजेंद्र फोगाट, सचिव अमित शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान रवींद्र देशवाल, उपप्रधान नरेंद्र कुमार कुमार बनाए गए। इसी तरह कोषाध्यक्ष रोहित गुलिया, सह सचिव देवेंद्र कुमार, बिजेंद्र, लेखा निरीक्षक राकेश कुमार आदि चुने गए। मनीष कुमार, मुकेश सैनी, बंटी लठवाल संगठनकर्ता बनाए गए हैं। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को गोपनीयता व पद की शपथ दिलाई गई। बिजेंद्र व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, इसका वे पूर्ण निष्ठा से निर्वाह करेंगे।



**बहादुरगढ़।** पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते यूनियन के पदाधिकारी।

## सफाई के लिए एमपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सिकंदर ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा को ज्ञापन सौंपकर सफाई कर्मचारी बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर-31 में सिर्फ 3 ही सफाई कर्मचारी हैं। इसकी शिकायत वे एसडीएम और डीएमसी को भी कर चुके हैं। ज्ञापन मिलने उपरांत सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने अधिकारियों के सफाई कर्मचारी बढ़ाने और आबादी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अधिकारियों को हिदायत दी। सिकंदर ने सांसद से छिकारा कालोनी व दुर्गा कालोनी को जल्द अप्रूव्ड करवाने की मांग की। इस मौके पर पार्षद विशाल गर्ग, रौनक, जतिन, सोनू व यशवीर सहरावत आदि मौजूद रहे।




बहादुरगढ़। सांसद दीपेंद्र हुड्डा से मिलते सिकंदर।